भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1836

बुधवार, दिनांक 10 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु

छोटी/लघु जलविद्युत परियोजनाएँ

1836. श्री जितेंद्र दोहरेः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के पचनदा क्षेत्र में छोटी/लघु जलविद्युत परियोजना या विद्युत उत्पादन की संभावनाओं के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख): जी हाँ, महोदय।

ऑल्टरनेट हाइड्रो एनर्जी सेंटर (वर्तमान में डिपार्टमेंट ऑफ हाइड्रो एंड रिन्युएबल एनर्जी), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की द्वारा जुलाई 2016 में देश के राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में चालू की गई परियोजनाओं, निर्माणाधीन परियोजनाओं और भावी स्थलों के संबंध में भारत के लिए एक लघु जल विद्युत डेटा बेस तैयार किया गया था। इस डेटा बेस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के इटावा जिले का पचनदा क्षेत्र संभावित क्षेत्रों की सूची में शामिल नहीं है।

*****